हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


11 गुल्लक सजाओ बचत बढ़ाओ कार्यक्रम को ग्रामीणों ने...


12 भगवान राजीव लोचन के जन्मोत्सव पर उमड़ी भीड़...



## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बैतारी चौक के पास ट्रेलर की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्यारीलाल साहू निवासी ग्राम कलेंडा ने बताया कि 31 जनवरी को उसका चचेरा भाई जगत राम साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1253 से सरायपाली आ रहा था, तभी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीएस 1324 के चालक द्वारा बैतारी चौक के पास एक्सीडेंट कर दिया गया। जिससे उसके पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम हरदी में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। मामले को लेकर पिथौरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी का मनबोध मिरी पिता बेदराम मिरी (36 साल) अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब कीमत 2880 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बिना टेंडर मरम्मत कार्य कराना अनुचित : राठी

**महासमुंद।** नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्य नपा अधिकारी से चर्चा के साथ पत्र लिखकर कहा कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा 27 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए लगभग 22 लाख रुपए पालिका को सात माह पूर्व दिया जा चुका है बावजूद लेटलतीफी से बिना कोई टेंडर मरम्मत प्रारंभ कराया गया है जो अनुचित है।

# पीएम जनमन योजना के आवास अधूरे, ठेकेदार को 90% भुगतान, 18 महीने बाद भी काम अधूरा

## जिले में एक करोड़ से अधिक राशि के 9 आंगनबाड़ी केंद्र अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- पीएम जनमन योजना में अनियमितता

केंद्र और राज्य सरकार आदिवासी बहुल्य एवं विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, ताकि इन जनजाति ग्रामीणो को शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जा सके। लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत इन योजनाओं पर पलीता लगा रही है। ऐसा ही एक गंभीर मामला गरियाबंद जिले से सामने आया है, जहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत 9 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में भारी गड़बड़ी और अनियमितता सामने आई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लिए 9 नए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए थे। प्रत्येक केंद्र के निर्माण के लिए 11.69 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी कार्यालय सहायक आयुक्त को दी गई। जब कि ये कार्य अन्य निर्माण एजेंसी या पंचायत को भी दिया का सकता था। इधर, समयावधि (3 माह) समाप्त होने के बावजूद एक भी आंगनबाड़ी केंद्र आज तक पूर्ण नहीं हो सका। 18 महीने बाद भी स्थिति यह है कि कई स्थानों पर प्लिंथ लेवल के बाद का कार्य नहीं हुआ तो कही ▶▶ शेष पेज 10 पर



### आदिवासी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आदिवासी और पिछड़ी जन जाति कमार आदिवासी भुंजिया बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए बनी योजना को भ्रष्टाचार की भेंट क्यों चढ़ाया गया बिना निर्माण पूर्ण हुए ठेकेदार को 90 प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला होने के बाद भी अब तक जिम्मेदार अधिकारी पर ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। जो संदेह का कारण है। मिली जानकारी के मुताबिक आदिवासी मैनपुर ब्लॉक में भाटडुमा, कोटखोझरी, खरसेपारा बनियापारा, गोलामाल सिहंगपारा-01, छोटेनवार, गोबरा, कुहीमाल में बनने थे। इसी क्रम में ब्लॉक गरियाबंद में भेजराडीह उपपारा, ब्लॉक देवभोग में उरली नवापारा तथा ब्लॉक छुरा में कोकड़ीखोड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में भवन निर्माण किया जा रहा है।

## विडंबना : आंगनबाड़ी केन्द्रों में कीचड़ व गंदगी से संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा

# आंबा में शौचालय में पानी की सुविधा नहीं, भवन हैं अधूरे, गंदगी के बीच नौनिहाल गढ़ रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा नवनिहाल बच्चों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लाखों- करोड़ों रुपए पानी की तरह खर्च किया जा रहा है लेकिन गरियाबंद जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों की बदहाल स्थिति अब तक किसी छिपा नहीं है जिसके कारण यहां के बच्चों को कैसे पोषण मिलेगा यह बड़ी सवाल सामने खड़ा है लेकिन इस ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। मैनपुर तहसील मुख्यालय के भीतर संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों में जब मुलभुत सुविधाएं नहीं है तो दूरस्थ वनांचल की बात ही छोड़ दीजिए विभाग के जिम्मेदार अफसर गरियाबंद जिला कार्यालय एसी रूम से बाहर निकलते ही नहीं जब वे बाहर निकलकर धरातल में पहुंचेंगे तब उन्हे यह समस्या दिखाई देगी और इसका लाभ बच्चों को मिलेगा लेकिन संबंधित विभाग के अफसर सिर्फ कागजी कार्यवाही कर ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे है। इस मामले को लेकर अब क्षेत्र के भाजपा नेताओ द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात कर शिकायत करने की तैयारी किया जा रहा है और लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की जायेगी। राज्य सरकार ▶▶ शेष पेज 10 पर





### नया भवन का निर्माण जरुरी

ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनिता नायक ने बताया की अचानपुर में आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो गया है नया भवन निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक है।

### बदहाल सिस्टम के चलते नहीं हो पा रही है समस्याओं का समाधान

आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पोषण आहार के साथ उनके विकसित जीवन के लिए उन्हे हर तरह से तैयार करना है यह बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा है प्रारंभिक शिक्षा मिलने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए राज्य व केन्द्र सरकार लाखों करोड़ों रूपये खर्च करने के साथ अनेक योजनाएं संचालित कर रही है लेकिन जिम्मेदार अफसरों के लापरवाही के कारण समस्याओ का समाधान नहीं हो रहा है जब भी समस्याओं से विभाग को अवगत कराया जाता है तो समस्याओं के समाधान करने के बजाय विभाग सिर्फ कागजी कार्यवाही खानापूर्ति में लग जाती है जबकि होना यह चाहिए कि ठोस पहल करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाए।



# आदिवासी बच्चे की मौत पर कांग्रेस की जिला स्तरीय जॉच टीम पहुंची आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर ग्राम भाठीगढ़ स्थित शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा में अध्यनरत एक आदिवासी बच्चे को समय पर आश्रम प्रबंधन द्वारा इलाज उपलब्ध नहीं कराने के कारण छात्र की मौत हो गई इसके बाद से यह मामला बेहद गरमा गया है और जिम्मेदार अफसरों एवं आश्रम अधीक्षक पर कार्यवाही की मांग किया जा रहा है। इसी बीच जिला प्रशासन द्वारा जॉच टीम इस मामले की जॉच कर रही है तो वहीं दूसरी ओर मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद द्वारा भी जॉच टीम गठित किया गया है और आज सोमवार को जिला कांग्रेस की जॉच टीम आश्रम पहुंची। इस जॉच टीम में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष गरियाबंद एवं कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि युगल किशोर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जनपद सदस्य जमुना नेगी एवं टीम के सदस्य दोपहर को आश्रम पहुंचे और बच्चो तथा कर्मचारियो एवं अधीक्षक से इस संबंध में अलग अलग चर्चा किया गया जिसमें यह बात सामने आई कि आश्रम अधीक्षक के लापरवाही के कारण समय पर इलाज नही मिलने के कारण छात्र की मौत हुई है। इस संबंध में चर्चा करने पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि युगल किशोर पांडेय ने बताया की कांग्रेस जॉच दल में जो बात सामने आई है बच्चों ने बताया कि छात्र राघव मंडावी तीन दिनों से बीमार था लेकिन उनका आश्रम अधीक्षक द्वारा इलाज नहीं करवाया गया और राघव ▶▶ शेष पेज 10 पर


भाठीगढ़ आश्रम के छात्र की इलाज के अभाव में मौत, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

# दुतकैया मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार विहिप ने लगाया घुसपैठ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम थाना क्षेत्र के दुतकैया गाँव में रविवार शाम घटित हुई घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते किसी बड़ी अप्रिय घटना को होने से रोक लिया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में घटना से जुड़े अहम तथ्यों का खुलासा हुआ है, वहीं अन्य संदिग्धों पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है।



फिलहाल दुतकै या गाँव पूरी तरह शांतिपूर्ण बताया जा रहा है। एहतियातन पुलिस बल गाँव में तैनात है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अफवाह या पुनः तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ईधर विश्व हिंदु परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, जिला संयोजक मोहित साहू,संगठन मंत्री वेदराम नंदे ने सोमवार शाम राजिम रेस्ट हाऊस में एक प्रेस कान्फ्रेंस लेकर कहा है कि दुतकै या की घटना अत्यधिक निंदनीय है। विश्व हिन्दू परिषद् इसकी कड़ी निंदा करता है। समाज एवं प्रशासन का सहयोग कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतू मौजूद रहा। कहा गया कि उपरोक्त घटना एकाएक वर्तमान की घटना नहीं है अपितु वर्षों से सामाजिक सौहार्द्र को खराब करने में जिन अपराधियों की संलिप्तता रही है, उसे शासन-प्रशासन संरक्षण प्रदान करता आ रहा है। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा पूर्व में लगातार इस अत्याचारों से प्रशासन को अवगत कराया गया है, वर्ष 2024 दिनांक 30 अप्रैल को ग्राम के तालाब स्थित बांबेश्वर शिवलिंग को उनके द्वारा तोड़कर हिन्दू समाज की धार्मिक ▶▶ शेष पेज 10 पर

# 29 किलो गांजा बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

रेंज स्तरीय ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत गरियाबंद पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुद्ध दो अलग-अलग प्रभावी कार्रवाइयां करते हुए कुल 29 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 14 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। इस कार्रवाई में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में रेंज स्तर पर ऑपरेशन निश्चय चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध गांजा, हीरा तथा वन्य जीवों की तस्करी पर रोकथाम एवं सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दिनांक 30 जनवरी 2026 को थाना प्रभारी देवभोग को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि धर्मगढ़ (ओडिशा) से कुछ तस्कर देवभोग रोड के माध्यम से अवैध गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के दौरान उनके पास से एक नीले रंग के सूटकेस एवं एक भूरे रंग के बैग में रखा 25 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 12 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम दीपक कुमार जाटव, पिता प्रताप सिंह जाटव, उम्र 23 वर्ष एवं राकेश कुमार जाटव, पिता ज्ञासीराम जाटव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम भरतपुर, वार्ड क्रमांक 65, थाना एवं जिला भरतपुर, राजस्थान बताए। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार करते हुए ▶▶ शेष पेज 10 पर

## जिले के 10 विद्यार्थियों ने विशाखापट्टनम में किया शैक्षणिक भ्रमण

# जिले के नन्हे वैज्ञानिकों ने विशाखापट्टनम में जाना नौसेना और विज्ञान का कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गरियाबंद जिले के एलिमेंट्री स्तर के 10 विद्यार्थियों का आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम शहर में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगजीत सिंह धीर तथा जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। भ्रमण का संचालन सहायक कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला नोडल अधिकारी विल्सन पी. थॉमस के नेतृत्व में किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को देश की रक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और पर्यटन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने आईएनएस पांडुब्बी संग्रहालय का ▶▶ शेष पेज 10 पर





# धान खरीदी का समय खत्म, छुरा के दर्जनों किसान अब भी कतार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

शासन द्वारा विभिन्न समितियां के माध्यम से 17 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की गई है जिसमें अब तक कई किसानों के टोकन नहीं कटे है, वे धान बेचने से वंचित हो गए हैं प्रशासन की ओर उम्मीद किए बैठे हैं कि उनका टोकन काटकर धान लिया जाएगा ,किसानों ने चर्चा के दौरान कहा कि शासन द्वारा शुरू से समितियां को की खरीदी को लिमिट कर दिया गया था इसकी वजह से किसानों का पूरा धान नहीं खरीदी हो पाया, ग्राम सारा गांव के किसान बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि आदिम जाति सेवा समिति दुल्ला में धान खरीदी को लिमिट कर दिया गया था इसकी वजह से उसके जैसे लगभग 24 किसानों का टोकन नहीं कटा है उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनके धान का टोकन काटकर खरीदी किया गया साथ ही साथ उन्होंने कहा कि शासन के नियम के अनुसार धान के टोकन हेतु समिति में आवेदन दिया गया है इसका सत्यापन कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दिया के द्वारा किया जा चुका है उसके बाद भी शासन के द्वारा टोकन नहीं काटना दुर्भाग्य का विषय है, उन्होंने कहा कि शासन के ही लिमिट करने ▶▶ शेष पेज 10 पर



**खबर संक्षेप**



## लक्ष्मीनारायण सेन मंत्री के हाथों हुए सम्मानित

**छुईहा बेलर।** शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सागर कुमार शर्मा द्वारा साझा काव्य संग्रह "एक पेड़ मां के नाम के विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 19 जनवरी को प्रेमरतन मैरिज पैलेस राजिम किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राजभवन में शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा रचित साझा काव्य संग्रह एक पेड़ मां के नाम का विधिवत विमोचन किया गया। इस काव्य संग्रह में लक्ष्मीनारायण सेन की रचना को भी शामिल किया गया। इस मौके पर उनको उपस्थित अतिथियों के हाथो से शाल, श्रीफल मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शिक्षक सेन को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, अध्यक्षता विधायक रोहित साहू, विशिष्ट अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी, कुलपति डॉ. विनय पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर उपस्थित थे।

## विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट : डॉ. रामकुमार

**राजिम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण जी द्वारा पेश किया गया बजट देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को और मजबूत करने वाला बजट है देश के सभी वर्गों के भविष्य को ध्यान में रख



कर एक सर्व स्पर्शी बजट जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिए एक नया अवसर प्रदान किया गया है, वहीं हर तपके के आदमी के स्वास्थ की चिंता करते हुए आवश्यक दवाइयों के दामों में कमी करने का प्रताव बहुत बड़ा राहत देने वाला साबित होगा, महिलाओं को और अधिक स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय से देश की आधी आबादी मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं, किसानों के लिए कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर कृषि में लागत कम और आय दुगुना करने का प्रयास स्वागत योग्य है, युवाओं को रोजगार का नया अवसर प्रदान करने के लिए औद्योगिक विकाश को बढ़ावा दिया गया है इस तरह देश के हर वर्ग की चिंता करते हुए 140 करोड़ देश वासियों के लिए आने वाले समय में विकसित भारत बनाने का मोदी जी के संकल्प को एक कदम और आगे ले जाने वाला है।

## निर्भय बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री

**झलप।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष पवन पटेल द्वारा निर्भय नायक को जिला महामंत्री और संजय पटेल को झलप मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, शंकर अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष, इंद्रजीत सिंह गोल्डी स्काउट गाइट प्रदेशअध्यक्ष, देवा नायक पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ललिता अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शम्मी सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कमल कौशिक मंडल महामंत्री पिलेश्वर पटेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, चंद्रहास चंद्राकर बीज निगम अध्यक्ष, हितेश चंद्राकर, राकेश साहू मंडल महामंत्री, हनी गंभीर जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा डोमन यादव मंडल उपाध्यक्ष ने हर्ष जताया है।

## साहित्य उत्सव में रामशरण का सम्मान

**महासमुंद।** त्रिदिवसीय साहित्य उत्सव में उत्कृष्ट कविता पाठ करने पर महासमुंद जिले से साहित्यकार व कवि रामशरण चंद्राकर बेमचा का प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंटर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ भाषा आयोग बिलासपुर में साहित्य सम्मान से नवाजा गया।

**बजट : आम बजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल : भाजपा**

# भाजपा नेताओं ने केंद्रीय बजट को सराहा बताया आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 01 फरवरी को बजट पेश किया गया है केन्द्र सरकार का आम बजट को आम जनता को राहत देने चाला बजट है संसद में प्रस्तुत यह आम बजट गांव, गरीब, युवा, महिला, किसानों एवं आम जनता को समर्पित यह बजट है इस बजट में ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने वाला, युवाओं को रोजगार देने वाला, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, रेल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूर्ति करने वाला तथा पर्यटन, पुरातत्व एवं धार्मिक नगरी को विकास व विकसित करने की योजना इस बजट में शामिल किया गया है। जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि यह बजट कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बजट है स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रावधान आम आदमी को राहत पहुंचाएंगे। वहीं इस बजट के प्रावधान से दवाइयां जैसी अति आवश्यक वस्तुएं सस्ती होगी आयकर के सरलीकरण से छोटे टेक्स पेयर्स को सहूलियत होगी। इस बजट में किए गए प्रावधान से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे पहली बार इतना बढ़ावा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को दिया गया है ताकि देश आत्मनिर्भर हो सके। भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरूनारायण तिवारी ने कहा की केन्द्रीय बजट की सराहना की जानी चाहिए कि यह बजट



### अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट

भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज निर्मलकर ने कहा की केन्द्रीय आम बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना को मजबूत करने वाला है और देश के हर वर्ग को सीधा राहत देता है मध्यम वर्ग को स्वास्थ्य और शिक्षा में विशेष लाभ मिलेगा। भाजपा के युवा नेता राकेश दुबे ने बजट को दूरदर्शी बताते हुए कहा की यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबुत करने वाला बजट है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य मनोज मिश्रा ने कहा इंफ्रास्ट्रक्चर सड़क और बुनियादी सुविधाओ पर जोर देने से अब ग्रामीण क्षेत्रे में विकास बढ़ेगा बजट में आत्मनिर्भर भारत की सोच साफ दिखाई देती है।

भारत के आर्थिक इतिहास में एक दूरदर्शी, विकासोन्मुख बजट के रूप में सामने आयेगा, केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026–27 एका ऐतिहासिक और दूरदर्शी दस्तावेज बताया है उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जिस सुधार एक्सप्रेस की नींव रखी है, उसका सीधा लाभ हमारे किसान भाइयो, महिलाओं, युवाओं, छात्रें और उद्यमियों को मिलेगा। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा किसान, गरीब और विकास को समर्पित बजट है यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला तथा विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला बजट है।

**कृषि एवं किसान कल्याण के लिए प्रावधान–** भाजपा मंडल महामंत्री घनश्याम मरकाम ने कहा की इस बजट में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए बड़े हुए प्रावधान, आधुनिक तकनीक का समावेश, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों तक जानकारी पहुंचाने की पहल तथा उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देने जैसे निर्णय सरकार की किसान हितैषी सोच को दर्शाती है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर ने कहा की भारत निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है सशक्त राष्ट्र निर्माण का यह मजबूत स्तम्भ सिद्ध होगा यह बजट समावेशी विकास, सतत विकास और आर्थिक लचीलेपन को समर्पित है महिला और बच्चो की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट सवांगीण विकास का नया अध्याय लिखेगा।

**बजट महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित–** भाजपा के युवा नेता तुलसी राठौर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 0.3 का केंद्रीय बजट पारित हुआ। निर्मला सीतारमण वितमंत्री द्वारा 9वीं बार बजट पेश किया गया जिसमें सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है चाहे हमारे महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, कृषि क्षेत्र के लिए हो, सभी वर्गों के लिए समाहित समानता का बजट रखा गया है जो आने बाले समय के लिए विकसित भारत की कल्पना को देखती है। भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ एवं वरिष्ठ नेता रूपेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में सभी वगोंर् को लाभ पहुंचाने की योजनाएं समाहित है केन्द्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण है इस बजट में युवाओं के लिए अवसर का निर्माण करेंगा। जनपद सदस्य मैनपुर एवं भाजपा नेत्री कुमारी बाई पटेल ने कहा यह बजट महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है और महिलाओ के विकास के लिए अनेक कदम उठाये गये है महिलाओं की विकास की ध्यान में रखते हुये सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय के रूप में यह बजट प्रस्तुत किया गया है जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन करते है। 09 ग्राम पंचायत मैनपुरकला के उपसरपंच सुधीर राजपूत ने कहा शिक्षा से रोजगार उद्योग हेतु विद्यार्थियों के लिए रोड मेप बनाया जायेगा जिससे आने वाली पीढी को लाभ मिलेगा केन्द्रीय बजट में इसके लिए उच्चस्तरीय स्थायी समिति गठन किये जाने का प्रस्ताव है।

## केंद्रीय बजट नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब : योगिता

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने केंद्रीय बजट 2026 राजधानी रायपुर में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में सुना। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुवे प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत को आधार मानकर जनहितैषी बजट पेश किया है। जिसमें गांव, गरीब, मजदूर, महिला, व्यापारी एवं युवाओं एवं सभी वर्गों फायदा पहुंचाने वाला बजट बताया। वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 26-27 के बजट में खासकर युवाओं एवं महिलाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है। प्रत्येक जिले में छात्राओं को पढ़ाई में बाधा को दूर करने के लिए हॉस्टल का निर्माण, महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ाने के लिए दस हजार करोड़ रूपए का इक्विटी फंड, ग्रामीण महिलाओं के उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध करने के लिए सी-मार्ट एवं लखपति दीदी योजना का विस्तार स्वागत योग्य है। देश में स्वास्थ्य सेवा को अधिक मजबूती देने के लिए आयुर्वेदिक एम्स की स्थापना विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम है। वित्त मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जनकल्याणकारी बजट पेश किया है।

## बजट आत्मनिर्भर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला : चंदूलाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट पर छग स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में सर्व वर्ग के लिए किए गए प्रावधान दर्शाते हैं कि मोदी सरकार ने पूर्ण आत्मविश्वास के साथ हमेशा की तरह एक संतुलित व समावेशी बजट प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य आत्मनिर्भर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए एक रोड मैप बनाना है और जिसका रास्ता देशवासियों के कल्याण से होकर गुजरता है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, पशुपालन और डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु बजट में विशेष जोर दिया गया है। स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट में अनेक



कल्याणकारी प्रावधान किए गए हैं, जिनमें जिला अस्पतालों के उन्नयन, हर जिले में इमरजेंसी व ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, मानसिक स्वास्थ्य व आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के साथ-साथ मेडिकल टूरिज्म के लिए राज्यों में 5 रीजनल हब स्थापित किए जाएंगे । स्वाभाविक है कि इससे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर होगा । इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी योजना के विस्तार के माध्यम से महिलाओं को क्रेडिट-लिंक्ड स्वरोजगार, उद्यमिता और स्थानीय बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हर जिले में बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण की घोषणा से उन्हें उच्च शिक्षा में सहायता मिलेगी। बजट में आयकर प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और छोटे करदाताओं के लिए आसान व्यवस्था की गई है। दवाइयां, कपड़े, जूते, मोबाइल, ईवी बैटरी, सोलर उपकरण, बायोगैस-सीएनजी सहित कई रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी, जिससे आम जनता को सीधी राहत मिलेगी।

## युवा शक्ति ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार : विधायक डॉ. संपत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिरदा/बसना**

शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा द्वारा ग्राम तरेकेला में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास और संकल्पबद्धता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं, आप' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है। पिरदा महाविद्यालय के इन युवाओं ने तरेकेला की गलियों में जो श्रमदान किया है और जो जन-जागरूकता फैलाई है, वह सिद्ध करता है कि हमारी युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी तरह संकल्पित है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी और समस्त प्राध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता और संवेदनशीलता का बीजारोपण करते हैं। इस अवसर पर



अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष जनपद बसना मोहित पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, मंडल अध्यक्ष पिरदा अभिमन्यु प्रधान, प्राचार्य कॉलेज पिरदा अमृत लाल पटेल, जनपद सदस्य व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला बेहरा, महामंत्री मंडल पिरदा मणिराम निषाद, मीडिया प्रभारी आमोस दीप, सरपंच ग्राम पं. तरेकेला जमुना पटेल, उपसरपंच जैतकुमारी खुटे, सांसद प्रतिनिधि सुरेश नायक, भाजपा कार्यकर्ता हेतराम राठौर, सरपंच प्रतिनिधि प्रेमसागर पटेल, मंच संचालक एवं सहायक अंकित भोई, प्राध्यापक पिरदा महंत लखन मुनि, उप सरपंच प्रतिनिधि सोन साय खूटे, सचिव ग्राम पं. तरेकेला अमित साहू, पंच द्वारिका सिदार, पंच सुखेती लाल गिरी, पंच वासुदेव पोर्टे, पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मी बाई, पंच वृंदा खुटे, पंच लोचन नेगी, पंच शौकीलाल पटेल, पंच बिहारी लाल पोर्टे, उदय सिदार, हरिशंकर पटेल, पंच नृपति पटेल, सेतलाल खुटे, पूर्व सरपंच अंजोर सोनी, कार्यक्रम अधिकारी मकरध्वज राणा, सहायक प्राध्यापक (बिरदा) सपना भोई, महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी, विशिष्ट जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत तरेकेला के पंच-सरपंच, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## सागरपाली में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की रजत जयंती पर उपभोक्ताओं का सम्मान

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के स्थापना के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत परिसर सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत वितरण केंद्र सागरपाली अंतर्गत आने वाले विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट एवं जागरूक उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल पांच प्रमुख श्रेणियों में उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी, उत्कृष्ट घरेलू उपभोक्ता, गैर-घरेलू (व्यवसायिक) उपभोक्ता, बीपीएल श्रेणी के जागरूक उपभोक्ता, कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान शामिल रहे।

**पेज 9 के शेष...**

### पीएम जनमन योजना ...

थोड़ी बहुत दीवाल उठा रखी है। जिसके बाद से काम बंद है।

**काम अधूरा, भुगतान पूरा–** सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि बिना कार्य पूर्ण किए ही ठेकेदार को लगभग 90 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया। यह भुगतान कथित रूप से संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में किया गया। सूत्रे के मुताबिक विभाग के कर्मचारी ये भली भांति जानते थे कि ये नियम विरुद्ध भुगतान है, करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में कार्य पूरा दिखाया जा रहा है। अब सवाल उठता है की ठेकेदार और अधिकारी के बीच आपसी क्या बातचीत हुई की उन्होंने बिना कार्य पूर्ण किए ही भुगतान कर दिया। यह जांच का विषय है। सूत्रें के अनुसार यह कार्य रायपुर निवासी को दिया गया है।

**एक भी आंबा पूर्ण नहीं–** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत नव आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया था। महिला बाल विकास विभाग ने मार्च से जून के बीच दो किस्तो में 11.69 लाख प्रति आंगनबाड़ी के हिसाब से 1 करोड़ 5 लाख की राशि भी हस्तारित कर दी। अभी तक एक भी आंगनबाड़ी पूर्ण नहीं हुए हैं ना ही विभाग को हैंड ओवर किया गया है।

### आंबा में शौचालय...

द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की सेहत सुधार से लेकर उनके जीवन स्तर में बदलाव पर सरकार द्वारा बड़े-बड़े दावे तो किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत इससे बेहद अलग है हालात यह है कि आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भवन की कमी है केन्द्रो में पानी, बिजली, शौचालय की सुविधा तक नहीं है ऐसे में जब आंगनबाड़ी केन्द्र बदहाल है तो सवाल उठ रहा है कि यहां नवनिहाल कैसे पोषित होंगे। दूरस्थ वनांचल की बात छोड़ दीजिए तहसील मुख्यालय मैनपुर के सप्ताहिक बाजार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के सामने बजबजाती नाली और कच्ची गहरी खुली नाली जानलेवा दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है यहां छोटे-छोटे दर्जनों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है लेकिन सामने कीचड़ गंदगी के कारण संक्रामक बीमारी फैलने की अंदेशा है। पेयजल के लिए पानी टंकी लगाई गई है लेकिन वह बंद है तहसील मुख्यालय के जयंतीनगर स्थित आंगनबाड़ी भवन बेहद जर्जर हो गई है यहां गेट दरवाजा तक नहीं है शौचालय और अन्य मुलभुत सुविधा उपलब्ध नहीं है। मैनपुर मुख्यालय के अचानपुर में आंगनबाड़ी भवन बेहद जर्जर हो गया है और छत टूट -टूटकर गिर रहा है जिसके कारण यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर में आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। अब सवाल उठता है जब तहसील मुख्यालय के भीतर आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति बदहाल है और मुलभुत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो ग्रामीण इलाकों में आंगनबाड़ी केन्द्रों की क्या स्थिति होगी यह आसानी से समझा जा सकता है।

### आदिवासी बच्चे की...

के पिता 26 जनवरी को जब आश्रम पहुंचे तो अपने बच्चे को बीमार देखकर इलाज के लिए अपने साथ ले गए थे लेकिन इलाज में देरी के कारण आदिवासी बच्चे की मौत हो गई। वहीं आश्रम में मीनु अनुसार बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आश्रम में गंदगी का आलम है साफ - सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गद्दा व चादर खराब है शौचालय की स्थिति खराब है और आश्रम प्रबंधन की लापरवाही के कारण कक्षा सातवीं के छात्र राघव मंडावी की मौत हुई है। उन्होने बताया इस रिपोर्ट को जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सौपने के बाद कांग्रेस द्वारा आगे कदम उठाई जायेगी।

### दुतकैया मामले में 3 ...

भावना को आघात पहुंचाया गया था तथा ग्राम के ही गौठान, शमशान एवं अन्य भूमि पर उनके द्वारा अवैध कब्जा किया गया जिस संबंध में राजस्व अधिकारियों को ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किया गया परन्तु किसी भी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। जिसके चलते उनके हौशले और बुलन्द हो गये। ग्राम तथा आसपास अवैध रूप से उनके द्वारा शराब, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिकी, रंगदारी, लूटपाट ,छेडछाड़ जैसी अनेक घटनाएं किया जाता है। गत वर्ष भी ग्राम के एक युवक को रोककर उनके द्वारा हत्त्या का प्रयास किया गया तथा वे लोग आदतन अपराधी एवं थाना के निगरानी सुदा गुण्डा बदमाश की सूची में शामिल है। उनके विरूद्ध अनेको लूटपाट, हत्या का प्रयास, बलात्कार, रंगदारी, मारपीट, रासुका जैसे आपराधिक मामले न्यायालयों में लम्बित है। उन प्रकरणों में ग्रामीण जब गवाही देने जाते है तो वे मारते है, धमकाते है, कि उनके विरूद्ध कोई बयान देने न जाएं इससे ग्रामवासियों में भय का वातावरण बना हुआ है। कहा गया कि अवैध घुसपैठियों, रोहिग्यों को संरक्षण प्रदान किया जाता रहा है। इन सभी स्थिति को देखते हुए अगर समय रहते कठोर कार्यवाही की जाती तो यह घटना घटित नहीं होती। विश्व हिन्दू परिषद्, ग्रामवासियों, हिन्दू समाज लगातार प्रशासन से मिलकर इन विषयों को उनके समक्ष रखा है परन्तु कार्यवाही के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया गया है। 4 सूत्रीय मांग करते हुए विश्व हिन्दू परिषद् शासन को अवगत कराना चाहती है कि ऐसे गंभीर प्रकरण पर विचार करते हुए एक सप्ताह के भीतर तत्काल कार्यवाही करे एवं ग्राम में किसी भी प्रकार की घटना पर तत्काल पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए जिससे गंभीर मामलों को रोका जा सके, अन्यथा समस्त ग्रामवासी, सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल कार्यवाही हेतु बाध्य होगी जिसके लिये शासन पूरी तरह से जिम्मेदार होगा। इसकी प्रतिलिपि महामहिम राज्यपाल एवं पुलिस के उच्च अफसरो को प्रेषित किया गया।

### 29 किलो गांजा...

माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई–** इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डोंगरीगांव तिराहे के पास एक व्यक्ति अपने पास काले रंग के बैग में अवैध गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोश पुजारी, पिता स्वर्गीय केशब पुजारी, उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम डुमरगुडा, थाना धमगढ़, जिला नुआपाड़ा, ओडिशा बताया। आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कुल 29 किलोग्राम अवैध गांजा, अनुमानित कीमत 14 लाख 50 हजार रुपये। गरियाबंद पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक बार फिर सख्त संदेश गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन निश्चय के तहत आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### जिले के नन्हे...

अवलोकन किया, जहां उन्हें भारतीय नौसेना की पनडुब्बी प्रणाली, समुद्र में कार्य करने की तकनीक तथा राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया गया। पनडुब्बी के भीतर जाकर विद्यार्थियों ने वहां की जीवन शैली और तकनीकी संरचना को नजदीक से देखा। कैलाशगिरी हिलटॉप पार्क भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पहाड़ी भू-आकृति, हरित क्षेत्र संरक्षण और विशाखापट्टनम शहर के प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया। यहां से समुद्र और शहर का विहंगम दृश्य बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विजाग ग्लास ब्रिज पर विद्यार्थियों को आधुनिक इंजीनियरिंग, संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई, जिससे उनमें विज्ञान और तकनीक के प्रति रुचि बढ़ी।

**प्रकृति और पर्यावरण का अनुभव–** टियू-142 विमान संग्रहालय में भारतीय वायुसेना के समुद्री निगरानी विमान के इतिहास, उपयोगिता और रक्षा क्षेत्र में उसकी भूमिका से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इसके पश्चात ऋषिकोंडा बीच एवं आरके बीच पर बच्चों को समुद्री जैव विविधता, तटीय पर्यावरण, स्वच्छता एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सिम्मी विल्सन, जिला पीएमयू टीम से टाकेश्वरी, देवेंद्र कुमार आसनी एवं सनत कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला ने इस अवसर पर टीम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं टीम सदस्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक प्रयासों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

### धान खरीदी का...

की वजह से किसान धान बेचने के लिए वंचित हो गए हैं इसी तरह के समितियां में भी छोटे-बड़े किसान धान बेचने से वंचित है उन्होंने टोकन काटने की मांग की है। जिला सहकारी बैंक छुरा के शाखा प्रबंधक ए एस सोम बताया कि 8 समिति में 9 उपार्जन केंद्र है जिसमें कुल 52 किसानों का टोकन नहीं कटा है उन्होंने कहा कि छुरा में 13, दुल्ला में 24, रसेला, पाट सिवनी परसदा 0, चरोदा में 1, कोसमी 5 कन सिंघी 4 है इनका टोकन नहीं कटा हैं। इसी तरह जिला सहकारी बैंक खड़मा के शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश यादव ने बताया कि कुल 8 समितियां हैं जिसमें से 37 किसानों का टोकन नहीं कटा है जिसमें 23 किसानों का सत्यापन हो चुका है एवं 14 किसानों का सत्यापन नहीं हुआ है खडमा में 21 , लोहझर 3, रानी परतेवा 3 अकल वारा 1, सोरिद, साजा पाली, पिपर छेड़ी, पंक्तियां, 0 है सभी की जानकारी उच्च कार्यालय को प्रदान की की गई है आगे की कार्यवाही कार्यालय के द्वारा की जाएगी।

# पंचकोशी धाम की पावन धरा कोपरा में गणेश जन्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

पंचकोशी धाम की पावन धरा कोपरा इन दिनों शिव भक्ति के अलौकिक रंग में रंगी हुई है। नगर के सहाड़ा चौक में आयोजित शिव महापुराण ज्ञान भक्ति यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक शिव भक्त हलधरनाथ योगी महाराज ने जैसे ही श्री गणेश की दिव्य कथा का प्रवाह प्रारंभ किया, पूरा कथा स्थल भक्ति रस में डूब गया। महाराज श्री ने गणेश जन्म, उनके प्रथम पूजन और विघ्नहर्ता स्वरूप का इतना भावपूर्ण वर्णन किया कि श्रोतागण भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान बार-बार जय गणपति देवा और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। विशेष रूप से माताओं और बहनों की उपस्थिति ने कथा स्थल को और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। हर नेत्र में श्रद्धा, हर मन में भक्ति और हर हृदय में शिव का वास प्रतीत हो रहा था। उल्लेखनीय है कि यह शिव महापुराण ज्ञान भक्ति यज्ञ सप्ताह 27 जनवरी से 03 फरवरी तक धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं के सहयोग से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इस पुण्य आयोजन में कथा वाचन का सौभाग्य भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव के अनन्य भक्त हलधरनाथ योगी महाराज को प्राप्त हुआ है, जिनकी ओजस्वी वाणी और सरल भाव ने जन-जन को शिव भक्ति से जोड़ दिया है। यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस 03 फरवरी को विधिवत गीतसार हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।

### शिव महापुराण के भक्ति रस में डूबी पंचकोशी धाम



#### महाभंडारे का भी आयोजन

इस शुभ अवसर पर विशाल महाभंडारे का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें समस्त श्रद्धालुओं को सप्रेम आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना है, बल्कि पंचकोशी धाम कोपरा की आध्यात्मिक गरिमा को भी नई ऊँचाइयों तक ले जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### अल्पसंख्यक आयोग ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ शासन राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा वर्श 2024–25 में कक्षा 10वीं और 12वीं में अल्पसंख्यक प्रतिभावान विद्यार्थियो को एक कार्यक्रम आयोजिक कर सम्मान पत्र वितरण किया गया। जिसमें मैनपुर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल के बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

### वनों को आग से बचाने के लिए हुआ कार्यशाला



**मैनपुर।** ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित वनाग्नि की रोकथाम एवं वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन मंडल गरियाबंद द्वारा मैनपुर क्षेत्र के गांव -गांव में वनों को आग से बचाने के लिए विशेष कार्यशाला एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों एवं साप्ताहिक हाट-बाजारों में कला जत्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, लोकगीत एवं संवादात्मक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं, जिनके द्वारा आमजन को वनाग्नि से होने वाले दुष्परिणामों तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से दी जा रही है। गरियाबंद वन विभाग के डीएफओ ससीगानंदन (भा.व.से.) ने अपने वक्तव्य में कहा कि वनाग्नि से न केवल वन संपदा को अपूरणीय क्षति होती है, बल्कि जैव विविधता, वन्यप्राणी एवं ग्रामीणों की आजीविका भी प्रभावित होती है। वनों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। गांवों एवं हाट-बाजारों में कला जत्था एवं दीवार लेखन के माध्यम से आमजन को जागरूक कर हम वनाग्नि की घटनाओं में प्रभावी कमी ला सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने वनों की सुरक्षा एवं वनाग्नि रोकथाम हेतु सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया।

### केंद्रीय बजट से ग्रामीण भारत और होगा समृद्ध

**अभनपुर।** भाजपा किसान मोर्चा छग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लौटन गिलहरे ने केंद्रीय बजट 2026 को किसानों और ग्रामीण भारत के लिए दूरदर्शी एवं विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2026 को लगातार 9वीं बार पूर्णकालिक बजट प्रस्तुत कर देश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है।

## आस्था : शिव मंदिर सहित पहाड़ी के पर मां पैरी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा

# भाठीगढ़ पैरी उद्गम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मांघी पुन्नी के अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ में मध्य रात्रि से हजारों की संख्या में लोग पहुंच कर जहां ब्रम्ह मुहुर्त में आस्था की डूबकी लगाकर स्नान किया और प्रसिद्ध प्राकृतिक शिव मंदिर, मां पैरी मंदिर सहित देवी देवताओं के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना करने प्रदेश के कोने -कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किमी दूर पश्चिम दिशा में क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल पैरी उद्गम में आज मांघी पुन्नी के अवसर पर मेला का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार किया गया यहां के प्राकृतिक मनोरम दृश्य व धार्मिक स्थल होने के कारण अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक शिव मंदिर सहित पहाड़ी के ऊपर मां पैरी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, भाठीगढ़ के पहाड़ी के ऊपर विशाल पत्थर के बीच से पैरी नदी का जन्म हुआ है जिसे लोग पैरी उद्गम के रूप मे जानते है और यहां पर मंदिर का निर्माण किया गया है लोग आज माघी पुन्नी के अवसर पर अल सुबह से मां पैरी के दर्शन करने सैकड़ो सीढ़ियों के माध्यम से पहाड़ी पर पहुंचकर मां पैरी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करने तांता लगा रहा। यहां श्रद्धालुओं को पैरी उद्गम के कुंड से निकल रहे जल को प्रसाद के रूप में दिया जाता है जिसे श्रद्धालुगण पूरे आस्था के साथ ग्रहण करते है, सुबह से देर रात तक इस पहाड़ी के सीढ़ियों में हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तो वहीं भाठीगढ़ स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना करने श्रद्धालु उमड़ पड़े, यहां जगन्नाथ स्वामी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, गणेश जी के मंदिर एंव मां दन्तेश्वरी, मां शीतला, मां बम्हनीन व अन्य देवी- देवताओं की मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना किया।

**भाठीगढ़ में शिवलिंग का आकार बढ़ रहा-** पैरी उद्गम भाठीगढ़ में बहुत पुराना प्राचीन शिव मंदिर है जहां स्थापित शिवलिंग का आकार दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। इस शिव मंदिर को काफी प्राचीन व प्रदेश के प्रसिद्ध शिव मंदिर के रूप में लोग जानते है और यहां प्रदेश के कोने -कोने से जलाभिषेक करने श्रद्धालु पहुंचते है, यहां के पुजारी माखन दास वैष्णव ने बताया कि यह शिव मंदिर प्राचीन काल से है और इस मंदिर मे सभी धर्मो के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते है। भगवान शिव सभी की मनोकामना पूर्ण करती है इसलिए प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।





### देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकली, दर्शन करने उमड़े लोग



पैरी उद्गम पहाड़ी के नीचे पुन्नी मेला का आयोजन किया गया जहां क्षेत्र के संस्कृति के अनुसार देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना किया गया क्षेत्रभर के प्रमुख देवी -देवताओं की डांग डोली, ध्वज पहुंची और मां दंतेश्वरी, मां बम्हनीन, मां शीतला, मां भाठीगढ़ीन, मां बस्तरीन, मां जिड़ारिन, देव कचनाधुर्वा के साथ सभी देवी -देवताओं की झांकर पुजारी बैगा सिरहा के द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद देवी -देवताओं की शोभा यात्रा निकालकर मड़ाई बिहाई गई, इस दौरान देवी देवताओं से आशीर्वाद लेने क्षेत्रभर के लोग उमड़ पड़े देवी - देवताओं के शौर्य प्रदर्शन व नृत्य को भी देखने व दर्शन करने लोगों में एक अलग उत्साह देखा गया। क्षेत्रभर के लोगों ने देवी -देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र मे सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। यहां का माघी पुन्नी मेला काफी प्रसिध्द माना जाता है मांघी पुन्नी मेला पर आदिवासी संस्कृति की एक अलग ही झलक देखने को मिलती है।

### विशाल महाभंण्डारा में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

पैरी उदगम भाठीगढ मे आज माघी पुन्नी के अवसर पर जहां एक ओर पैरी समिति ग्रामवासियों द्वारा महाभंण्डारा का आयोजन किया गया और दिनभर धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम चलता रहा वहीं दूसरी ओर दिनेश सिन्हा के परिवार द्वारा भी महाभंण्डारा का आयोजन किया गया। इस महाभंण्डारा में क्षेत्रभर व मेला में पहुंचे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां हर वर्ष माघी पुन्नी के अवसर पर महाभंण्डारा का आयोजन किया जाता है।



### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुई समीक्षा गायकवाड़

**राजिम।** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से राजिम के शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ सम्मानित हुई। यह सम्मान उन्हें रसायन विज्ञान की 200 से अधिक आडियोबुक निर्माण के लिए दिया गया। इन ऑडियो बुक्स में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विषयों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरगुजिया कहानी, छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में सामान्य ज्ञान, हल्बी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं में अलग-अलग प्लेलिस्ट, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं तथा सहायता संसाधनों से संबंधित उपयोगी सामग्री भी उपलब्ध है। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ब्रेल पुस्तकों और ऑडियो बुक्स के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोलना समावेशी शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने इसे संवेदनशील सामाजिक दायित्व बताया और कहा कि वे अपने गृह राज्य असम में भी शिक्षकों को ऐसी पहल के लिए प्रेरित करेंगे। राज्यपाल ने बताया कि इन ऑडियो बुक्स को अन्य राज्यों तक भेजा जाएगा, ताकि यह कार्य राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श बने। इसी तारतम्य में जिले के शिक्षक संतोष तारक और अनिल अवस्थी को सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी निर्माण के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

# गुल्लक सजाओ बचत बढ़ाओ कार्यक्रम को ग्रामीणों ने सराहा : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

- हाई स्कूल तरीघाट में गुल्लक सजाओ व साइकिल वितरण कार्यक्रम का हुआ

शासकीय हाईस्कूल तरीघाट, विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक भोज पानरोटी और पताल चटनी की स्वाद का आनंद लिए साथ ही गुल्लक सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमे सभी बच्चों को बचत संस्कार की शिक्षा मिली छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व्यंजन पान रोटी (अंगाकर) और पताल चटनी स्कूल में बनाया गया और सभी बच्चों को परोसा गया सब ने खूब मज़ा किया। यह सराहनीय आयोजन तुमनचंद साहू और स्कूल के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने प्रदेश की पारम्परिक खान–पान संस्कृति से परिचित कराना एवं उनमें सांस्कृतिक चेतना का विकास करना था। प्राचार्य सी बी साहू ने बताया कि यह न्योता भोज उन्हें अपने बचपन की यादें ताजा करा दिया।यह कार्यक्रम बच्चों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जोड़ने तथा बचत संस्कार विकसित करने वाला बताया। सरस्वती साइकिल योजना के लाभान्वित छात्राओं को अतिथियों द्वारा साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सीबी साहू व्याख्याता गण पवन कुमार साहू, झुमुक लाल साहू, लक्ष्मण तारक, जागेन्द्र साहू, पुष्पा कंवर और नीतू शाह, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति चिमन लाल वर्मा, सरपंच गुंजन भोला वर्मा, पूर्व सरपंच डॉ कोमल साहू, रामविशाल यादव सहित सभी सदस्य गण एवं विद्यालय के सभी छात्र छात्रा उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य चंद्रभूषण द्वारा तुमनचंद साहू को स्मृति चिन्ह भेट कर आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को समापन किया गया। इस दौरान राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।







### श्री शिव महापुराण कथा में उमड़े श्रद्धालु

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बिजली ऑफीस मैदान में 29 जनवरी से 04 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा वाचन पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। श्री शिव महापुराण कथा में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है इस दौरान कथा वाचक पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा शिव महापुराण कथा में भगवान शिव की महिमा पार्वती शिव विवाह का वर्णन एवं कथाओं में महादेव को प्रसंन्न करने के लिए विशेष उपाय बताए जा रहे है साथ ही झांकी भी प्रस्तुत किया जा रहा है।

# पीएम सूर्य घर योजना के हितग्राहियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर विद्युत विभाग का भव्य आयोजन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 के उपलक्ष्य में छतीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड छुरा द्वारा सोमवार को नगर के सांस्कृतिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, विशिष्ट अतिथि मीरा वेंशराम ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, समीम खान उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, लेखराज धुर्वा सभापति जिला पंचायत सदस्य, खोमन चंद्राकर मंडल अध्यक्ष भाजपा, मुंगेश्वरी ठाकुर जनपद पंचायत सदस्य, नथमल शर्मा, अजय दीक्षित पार्षद गण में गरिमा ध्रुव, सलीम मेनन, शांतनु देवांगन, पंचराम टंडन, रूपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ एवं शीतल ध्रुव समाज सेवक की उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना एवम अरपा पैरी के धार... राजकीय गीत से छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना से की गई। कार्यक्रम में शार्ट वीडियो फ़िल्मि के माध्यम से सर्वप्रथम विधुत विभाग के 25 वर्ष के सफर और विकास को दिखाया गया, इसके बाद केंद्र और राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में बताया गया, तदुपरान्त स्मार्ट मीटर लगाने के फायदे और विधुत सुरक्षा से संबंधित शिक्षाप्रद और रोचक वीडियो का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में पीएम सूर्य घर योजना के हितग्राहियों मे फालेंद्र साहू, हेमनारायण देवांगन, कुंती सिन्हा, हेमलाल देवांगन, डालेन्द्र साहू, बंसी लाल तारक, उत्तम साहू को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



**उपभोक्ताओं के लिए लाभ और लोक कल्याणकारी योजना-** हितग्राहियों ने सोलर कनेकशन के फायदे और मासिक बिजली बिल में राहत के बारे में अपने अनुभव साझा किए। सभापति कृषि जिला पंचायत गरियाबंद लेखराज ध्रुवा ने बताया कि पीएम सूर्य घर उपभोक्ताओं के लिए लाभ और लोक कल्याणकारी योजना है। उन्होंने कहा कि वे खुद इस योजना से लाभान्वित हुए है। अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा मीरा वेंशराम ठाकुर द्वारा छत्तीसगढ़ की अस्मिता और गौरव के बारे में बताया गया। उन्होंने 132 मडेली की स्थापना संबंध में बताया। मुख्य अतिथि लुकेश्वरी निषाद, अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम अंधेरे से उजाले की ओर अग्रसर हुए है। आज के समय मे बिजली के बिना रह पाना संभव नहीं है। वर्तमान समय मे बिजली हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।


कार्यक्रम में सभी अतिथिगणों ने विधुत विभाग छुरा के सहायक अभियंता उमेद दीवान, कनिष्ठ अभियंता अंचल नायक, सभी तकनीकी अधिकारियों कर्मचारियों, कार्यालयीन कर्मचारियों के द्वारा छुरा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और अच्छी विधुत व्यवस्था तथा विधुत सेवा की प्रशंसा की। अतिथिगणों ने गर्मी, सर्दी, बारिश में भी विधुत व्यस्था और सुधार कार्य के लिए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन भोगेंद्र कुमार सिन्हा, कार्यालय सहायक गरियाबंद द्वारा किया गया। उक्त रजत महोत्सव का कार्यक्रम अधीक्षण अभियंता महासमुंद वायके मनहर एवम कार्यपालन अभियंता हेमन्त कुमार ठाकुर के निर्देशन और मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक सम्पन हुवा। सभी अतिथियों ने विधुत विभाग के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विधुत विभाग छुरा से मलेश दीवान लाइनमैन प्रीतम चौहान, ललित चौधरी, भागवत साहू, झालेन्द्र पटेल, अंजोर नायक, सलीम खान एवं संविदा लाइन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में प्री-प्लेसमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की रोज़गार क्षमता एवं व्यावसायिक कौशल को सशक्त बनाने हेतु प्री-प्लेसमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग लिए। कार्यक्रम के अंतर्गत संचार कौशल, एप्टीट्यूड, तार्किक क्षमता, व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा, रिज़्यूमे लेखन एवं मॉक इंटरव्यू जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी के अनुसार यह पहल शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की दूरी को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन अनुभवी प्रशिक्षकों एवं उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।

विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनके आत्मविश्वास, प्रस्तुतीकरण क्षमता एवं पेशेवर दृष्टिकोण में सकारात्मक सुधार हुआ है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय निरंतर करियर-उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन फार्मेसी विभाग के विभाग अध्यक्ष युगल किशोर राजपूत के द्वारा किया गया एवं मंच संचालन भामती साहू के द्वारा किया गया।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### यशस्वी यादव ने अंतर्राज्यीय कराटे स्पर्धा में जीता गोल्ड

**कोपरा।** कोपरा नगर की होनहार बेटी यशस्वी यादव, पिता चंद्रकांत उर्फ चंदू यादव की सुपुत्री ने रायपुर स्थित विद्या निकेतन विद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राज्यीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर में हर्ष और गर्व का वातावरण है। यशस्वी यादव ने अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उल्लेखनीय है कि अब यशस्वी यादव आगामी दिनों में हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। नगरवासियों को उनसे एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन की पूर्ण आशा है। इस शानदार सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, खेल प्रेमियों, शिक्षकों एवं सामाजिकजनों ने यशस्वी यादव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बिजली विभाग के रजत महोत्सव में योजनाओं की जानकारी दी गई

**अभनपुर।** विद्युत वितरण केंद्र खोरपा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं को दी गई। इस अवसर पर किसान जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इन योजनाओं से होने वाले लाभों से उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया। साथ ही नियमित रूप से विद्युत देयक का भुगतान करने वाले योजना लाभार्थियों एवं विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता रूपल चंद्राकर रहे। विशेष अतिथि के रूप में एच. आर. नेताम (सेवानिवृत्त) उपस्थित रहे, जिन्होंने उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण, समय पर विद्युत बिल भुगतान एवं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता (जेई) श्री राणा ने कहा कि विद्युत विभाग का उद्देश्य केवल बिजली आपूर्ति करना ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। समय पर विद्युत देयक भुगतान से व्यवस्था सुदृढ़ होती है और निर्बाध बिजली आपूर्ति संभव हो पाती है।" उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे सौर ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा योजनाओं को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें।

**आस्था : श्री राजीव लोचन मंदिर एवं कुलेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजा के लिए देर रात तक लाखों की रही भीड़**

# भगवान राजीव लोचन के जन्मोत्सव पर उमड़ी भीड़, लेकिन पुण्य स्नान की रौनक रही फीकी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

माघी पुन्नी के अवसर पर पुण्य स्नान इस बार काफी फीका रहा। हालांकि धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन जिसमें महिलाओं व युवतियों की संख्या अधिक रही है वे ही महानदी के घाट में नजर आई। अलबत्ता कभी लाखों की संख्या में तड़के स्नान करने वालों की संख्या घटी हुई थी, कारण चाहे जो भी हो। वैसे राजिम संगम में चौतरफा घाट है। नदी की धार भी दो किमी के दायरे में है। अधिकांश लोग राजिम तट पर नहाते है तो अधिकांश लोग नवापारा किनारे। कईयों ऐसे होते है जो कुलेश्वर मंदिर अथवा चौबेबांधा पुल के नीचे डुबकी लगाते है इसलिए भी वास्तविक संख्या मालूम नही पड़ता। बहरहाल श्री राजीव लोचन मंदिर के पुजारी राजेन्द्र मनु से पूछने पर उन्होने बताया कि मंदिर का पट सुबह 4 बजे खुल गया था। दर्शनार्थी करीब 20-25 हजार की संख्या में रहे है। फिर पूरा दिन दर्शन करने वालों का सिलसिला चलता रहा जो देर रात तक बना रहा। बता दें कि सनातन परंपरा में माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व रहता है। सदियों से इस पावन तिथि पर गंगा तटों, संगम स्थलों और पवित्र नदियों में तड़के ब्रह्ममुहूर्त में पुण्य स्नान की परंपरा चली आ रही है। मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन किया गया स्नान मनुष्य को पापों से मुक्ति दिलाता है और जीवन में पुण्य की वृद्धि करता है। लेकिन समय के साथ-साथ इस गहन आस्था में अब धीरे-धीरे कमी महसूस की जा रही है।

**तड़के की रौनक रही गायब-** इसी का प्रत्यक्ष उदाहरण छत्तीसगढ़ की गंगा राजिम संगम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर देखने को मिला। जहां कभी तड़के सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती थी, वहीं इस वर्ष दृश्य बिल्कुल विपरीत नजर आया। पवित्र स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बेहद कम रही। संगम तटों पर सन्नाटा पसरा रहा और आसपास की सड़कें भी लगभग सूनी दिखाई दीं। तड़के की रौनक एक तरह से गायब रही। कायदे से देखा जाए तो पूर्व के वर्षों में माघ पूर्णिमा के दिन ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु अपने परिवार सहित स्नान के लिए पहुंचते थे। हर-हर गंगे और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो जाता था। स्थानीय दुकानदारों, फूल-माला विक्रेताओं और चाय-नाश्ते की दुकानों में भी खासा उत्साह रहता था लेकिन इस वर्ष न तो वैसी भीड़ दिखी और न ही उस तरह का धार्मिक उल्लास। लगता है बदलती जीवनशैली का यह परिणाम नजर आ रहा है। स्थानीय बुजुर्गों और धर्माचार्यों का कहना है कि आधुनिक जीवनशैली, मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती व्यस्तता, साथ ही नई पीढ़ी का धार्मिक परंपराओं से दूरी बनाना, इसकी बड़ी वजह बनता जा रहा है। धार्मिक जानकारों का मानना है कि यह चिंता का विषय है कि यह केवल एक पर्व की बात नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था से जुड़ा गंभीर संकेत है। यदि आने वाली पीढ़ियों को इन परंपराओं से नहीं जोड़ा गया, तो ऐसे ऐतिहासिक और पवित्र आयोजनों की रौनक भविष्य में और फीकी पड़ सकती है। हालांकि संख्या कम रही, लेकिन जो श्रद्धालु पहुंचे उन्होंने पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ पुण्य स्नान कर भगवान का दर्शन किया। उनके लिए माघ पूर्णिमा आज भी उतनी ही पावन और पुण्यदायी है, जितनी सदियों पहले थी। कुल मिलाकर, माघ पूर्णिमा पर दिखी यह खामोशी समाज को आत्ममंथन करने का संदेश दे रही है- कि कहीं हम आधुनिकता की दौड़ में अपनी जड़ों से तो दूर नहीं होते जा रहे।

**यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम-** बहरहाल भगवान श्री राजीव लोचन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यहां का माघी पुन्नी मेला सदियों से लगता चला आ रहा है। श्रद्धालुओं की आस्था और श्रद्धा देखते ही बनती है। बारहो माह मंदिर में भक्तों की भीड़ नजर आती थी। रविवार को भी जन्मदिन के अवसर पर देर रात तक दर्शन और पूजा के लिए लाखों भक्त मंदिर पहुंचे। भगवान श्री राजीव लोचन का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया गया। धार्मिक आस्था के इस महापर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने पहले से ही व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिसका असर पूरे आयोजन में साफ नजर आया। तड़के सुबह पाँच बजे मंदिर के पट खुलते ही दर्शनार्थियों का आना शुरू हो गया। प्रारंभ में भीड़ नियंत्रित रही, लेकिन जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा होता गया। दोपहर तक दर्शनार्थियों की भीड़ पूरी तरह काबू में रही, वहीं शाम होते-होते मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। इस दौरान दर्शन की कतारें लंबी जरूर रहीं, लेकिन पुलिस की व्यवस्था सुचारू बनी रही। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।



### दर्शनार्थियों की रही भीड़

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए थे, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं बनी। पुलिस जवान लगातार पेट्रोलिंग करते रहे और राजिम टीआई अमृत लाल साहू एवं उनकी टीम मंदिर क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाते नजर आए। ईधर नदी के बीच में भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव के दर्शनार्थियों की भीड़ भी अपार संख्या में थी। यहां दर्शन करने के लिए मशक्कत करना पड़ा। बहरहाल मेला 15 दिनों तक चलेगा। भीड़ भी लगातार बढ़ती जाएगी। पिछले वर्षो को हम पलटकर देखे तो इस 15 दिन के अवधि में करीब 20-25 लाख लोग देश और दुनिया से राजिम पहुंचते रहे है। इस बार भी यह भीड़ पहुंचेगी ऐसा विश्वास और उम्मीद स्थानीय लोगों ने जाहिर किया है।

# बजट सर्व कल्याणकारी : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

रुपनाथ बंजारे उपाध्यक्ष भाजपा मंडल एवं अध्यक्ष उप सरपंच संघ छुरा ने कहा बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौंवा प्रस्तुत बजट गरीब, किसान, युवा, महिला मध्यम, श्रमिक वर्ग, शिक्षा, हेल्थ और रक्षा पर फोकस किया गया है। यह बजट सर्व कल्याणकारी जिसमें कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद जैसे 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे बायो-फार्मा सेक्टर के लिए अगले 5 साल में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान।कैंसर की सस्ती दवाएं कैंसर, डायबिटीज और ऑटो-इम्यून दवाएं सस्ती होंगी। आयुर्वेदिक एम्स 3 नए आयुर्वेदिक एम्स खोले जाएंगे। महिला सशक्तिकरण एसएचई-एमएआरटीएस का गठन किया जाएगा।कृषि किसानों की आय बढ़ाने पर जोर,नारियल उत्पादन बढ़ाने के लिए नई स्कीम लाई जाएगी तकनीक सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 लॉन्च किया गया, डेडिकेटेड रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाए जाएंगे।शिक्षा 3 नए एनआईपीईआर और 3 आयुर्वेदिक आईआईएमएस बनेंगे।रक्षा क्षेत्र में बड़ा बूस्ट, इंडिजिनाइजेशन पर फोकस।एमएसएमई छोटे उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड शुरू किया गया है।टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम और नेशनल हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट प्रोग्राम की घोषणा।कस्टम ड्यूटी पर्सनल यूज के लिए इंपोर्टेड सामान पर कस्टम ड्यूटी 20% से घटाकर 10% की गई।टीसीएस विदेशी टूर पैकेज पर टीसीएस 5% से घटाकर 2% कर दिया गया।इस बजट में सभी क्षेत्रों को ध्यान में देखते हुए संकल्प से सिद्धि तक अवसरों की अपार संभावनाएं हैं। यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।



### केंद्र सरकार की बजट आम जनता के साथ छलावा : गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि केंद्र सरकार ने आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, युवा और मध्यम वर्ग के साथ अन्याय है। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर सरकार पूरी तरह असफल रही है। बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है, जबकि बड़े उद्योगपतियों को कर में राहत देकर आम जनता पर बोझ बढ़ाया गया है। पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर सरकार ने कोई नियंत्रण नहीं दिखाया। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा फिर से केवल कागज़ों तक सीमित रह गया है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लेकर बजट में कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है, जिससे देश का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। हम मांग करते हैं कि सरकार इस बजट पर पुनर्विचार करे और जनहित में संशोधन करे। यदि सरकार जनता की आवाज़ नहीं सुनती है, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### बजट नहीं, जनता पर बोझ : गजेंद्र साहू

**पाण्डुका।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट आंकड़ों का जाल है, जिसमें आम आदमी की ज़िंदगी कहीं दिखाई नहीं देती। यह बजट न तो महंगाई से राहत देता है, न ही बेरोजगारी का समाधान करता है। जनता को उम्मीद थी कि सरकार ज़मीन की सच्चाई समझेगी, लेकिन बजट ने साबित कर दिया कि सरकार का फोकस केवल चुनिंदा वर्ग तक सीमित है। जहां एक ओर आम परिवार रोजमर्रा के खर्च से जूझ रहा है, वहीं बजट में उसकी कोई समस्या का समाधान नहीं दिखती। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जरूरी क्षेत्रों को सिर्फ भाषणों में जगह मिली है, हकीकत में नहीं। किसान, युवा और छोटे व्यापारी इस बजट में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह बजट विकास का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से भागने का प्रतीक है। सरकार ने सवालों के जवाब देने के बजाय, समस्याओं को नजरअंदाज करने का रास्ता चुना है। हम स्पष्ट करते हैं कि जनता इस बजट को स्वीकार नहीं करेगी। सरकार को चाहिए कि वह दिखावटी घोषणाओं से बाहर निकलकर, वास्तविक जरूरतों पर आधारित जनमुखी बजट पेश करें।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना केंद्रीय बजट का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रस्तुत तीसरे बजट को ग्राम पंचायत रसेला में भाजपा मंडल मलेवा अंचल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष व बजट सुनने की प्रभारी राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, महामंत्री नारायण सिन्हा, भुवेन्द्र मरकाम, परमेश्वर यादव, बालकराम मरकाम, हेमलता ध्रुव, खेमसिंह, कविता कोमर्रा, टिकेश्वरी कोमर्रा, सुकारो सहित समस्त कार्यकताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने केन्द्रीय बजट का सजीव प्रसारण सुना। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने बजट को गरीब, किसान, युवा, महिला, माध्यम वर्ग तथा उद्यमियों के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला, किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक सिद्ध होगा। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय दर्शन के मूल में गरीब, वंचित वर्ग के आर्थिक व सामाजिक उत्थान का सिद्धांत तथा वैभवशाली राष्ट्र निर्माण का संकल्प निहित है। इसी कड़ी में महामंत्री नारायण सिन्हा ने कहा पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस बजट को सशक्त भारत, समृद्ध भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिए एक अवसर के रूप में स्वीकार करें और इसकी भावना को जन जन तक पहुंचाये। मौके पर परमेश्वर यादव ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि गांव, गरीब और आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की एक स्पष्ट कार्य योजना है। भुवेन्द्र मरकाम, बालकराम, हेमलता ध्रुव, टिकेश्वरी कोमर्रा, कविता, सुकारो आदि लोगों ने बजट के जमीनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बजट गांव और खेती को मजबूत करने वाला है, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार पर किया गया बड़ा निवेश हर वर्ग को लाभान्वित करेगा। इस मौके पर भूषण साहू, मनोज दिवान, मनहरण प्रजापति, धनेश्वर ठाकुर, लक्ष्मण यादव, पीला सिंह सहित भाजपा मंडल कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**कचना धुरुवा कॉलेज के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन**

# आध्यात्मिक सशक्तिकरण से नशा मुक्त समाज निर्माण में आए युवा : अंशु दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयंसेवकों में सेवा भाव, राष्ट्रप्रेम, और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय छुरा में संचालित रासेयो इकाई मलेवांचल के वन्य ग्राम मूढीपानी गोद में नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय को लेकर सामुदायिक विकास, जागरूकता रैलियां, पर्यावरण संरक्षण और बौद्धिक सत्रों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित किया जा रहा। बौद्धिक परिचर्चा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खड़मा सेवाकेंद्र से राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी आमंत्रित रही।शिविर में विशेषज्ञ और अतिथि वक्ता अंशु दीदी आध्यात्मिक सशक्तिकरण, तनाव मुक्त जीवन और व्यसन मुक्त समाज जैसे विषयों पर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। वहीं ब्रह्माकुमारी संस्थान रसेला शाखा की प्रभारी एवं प्राध्यापिका बीके लेखनी बहन ने राजयोग मेडिटेशन के महत्व और समाज के प्रति सेवा भावना विकसित करने पर जोर दिया। आध्यात्मिक व मानसिक स्वास्थ्यः शिविर में स्वयंसेवकों को अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन को शामिल करने और मानसिक शांति बनाए रखने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे, शिविर नायक जागृत गिरी गोस्वामी, ज्योति ध्रुव, एवं शिविर संचालक प्राध्यापक तरुण कुमार निर्मलकर, निर्मला यादव ने शाल, श्रीफल, रासेयो के प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अगहन सिंह ठाकुर, यादव समाज के जिला अध्यक्ष हेमलाल यादव, गोविंद यादव उपस्थित रहे जिसका ग्राम के उप सरपंच सीमा कृष्णकुमार गुप्ता एवं ग्राम वासियों द्वारा भी गुलदस्ते श्रीफल भेंट किया स्वागत सम्मान किया।





